न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट बांदीकुई (दौसा)

PH:-01420-228487　　E-Mail:-sdo-ban-dau-rj@nic.in

प्रकरण संख्या :—126/2024

प्रकरण दायर दिनांकः— 25.10.2024

प्रकरण निर्णय दिनांकः— 4.12.2024

राज. सरकार बनाम अजयसिंह वगै.

राजस्व ग्राम ढिगारिया टप्पा कोलेश्वर स्थित सिवायचक एवं खातेदारी भूमि में से प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने बाबत।

तहसीलदार बॉदीकुई के पत्र क्रमांकः राजस्व/रास्ता प्रकरण/2024/3880 दिनांकः 22.10.2024 द्वारा राजस्व ग्राम ढिगारिया टप्पा कोलेश्वर स्थित सिवायचक व खातेदारी भूमि खसरा नं. 838, 817, 818 में से प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकार्ड में गै. मु. रास्ता दर्ज करने बाबत प्रस्ताव पेश किया गया है। प्रस्ताव की ताईद में भू. अ. निरीक्षक देलाडी एवं पटवारी हल्का धनावड मौका रिपोर्ट दिनांकः 21.10.24, राजस्व रिकार्ड जमाबंदी संवत 2074—77 ग्राम ढिगारिया टप्पा कोलेश्वर खाता सं. नया 1 पुराना 1, खाता संख्या नया 68 पुराना 64 एवं खाता संख्या नया 210 पुराना 206 एवं संलग्न नक्शा ट्रेस जिसमें प्रस्तावित रास्ते को लाल स्याही से प्रदर्शित किया गया है, प्रस्तुत की है। उक्त प्रस्तावित भूमि राजस्व रिकार्ड जमाबंदी में सिवायचक व खातेदारी दर्ज रिकार्ड है।

प्राप्त प्रस्ताव दर्ज कर तलबी अप्रार्थीगण/खातेदारान जर्ये नोटिस विधिवत की गई। खातेदार रामोतार, सुवालाल, हरिसिंह पुत्रान गोविन्दसहाय जाति गुर्जर निवासी ढिगारिया टप्पा कोलेश्वर द्वारा उपस्थित होकर जबाब नोटिस दिया गया। अप्रार्थीगण/खातेदारान अजयसिंह, चौथमल, पदमसिंह, पूनीराम, लछी देवी व जीवण पुत्र भौरया के वारिसान/कायम मुकाम बावजूद तामील उपस्थित नहीं होने पर उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी गयी। हमने प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रार्थी/पैरोकार सरकार व उपस्थित खातेदारान रामोतार, सुवालाल, हरीसिंह, पुत्रान गोविन्दसहाय उभयपक्ष को सुना। तहसीलदार बॉदीकुई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं संलग्न भू. अ. निरीक्षक देलाडी एवं पटवारी हल्का धनावड मौका रिपोर्ट दिनांकः 21.10.2024, राजस्व रिकार्ड जमाबंदी एवं नक्शा ट्रेस एवं जवाब अप्रार्थीगण/खातेदारान का अवलोकन किया। प्रस्ताव में संलग्न मौका रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित भूमि में से मौके पर रास्ता चालू है, जिसमें मौके पर ग्रेवल सडक बनी हुई है। प्रस्ताव में उक्त सिवायचक व खातेदारी भूमि में से गै. मु. रास्ता दर्ज करने बाबत निवेदन किया है। अतः प्राप्त प्रस्ताव, संलग्न भू. अ. निरीक्षक देलाडी एवं पटवारी हल्का धनावड मौका रिपोर्ट दिनांकः 21.10.2024, राजस्व रिकार्ड जमाबंदी एवं नक्शा ट्रेस के अवलोकन के आधार पर प्रस्तावित रास्ते का राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः तहसीलदार बॉदीकुई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर राजस्व ग्राम ढिगारिया टप्पा कोलेश्वर स्थित सिवायचक भूमि खाता सं. नया 1 पुराना 1 के खसरा नं. 838 रकबा 0.09 हैक्ट. में से 0.01 हैक्ट. तथा खातेदारी भूमि खाता संख्या नया 68 पुराना 64 के खसरा नं. 818 रकबा 0.60 हैक्टे. में से 0.01 हैक्टे. तथा खाता संख्या नया 210 पुराना 206 के खसरा नं. 817 रकबा 0.38 हैक्टे. में से 0.03 हैक्टे. भूमि संलग्न नक्शा ट्रेस में प्रदर्शित प्रस्तावित के अनुसार गै. मु. रास्ता दर्ज किये जाने के

Scanned with OKEN Scanner

आदेश दिये जाते हैं। प्रस्तावित रास्ते की खातेदारी उक्त खाते में यथावत रहेगी। तहसीलदार बॉदीकुई नियमानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करे। पालना हेतु तहसीलदार बॉदीकुई को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसलशुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

5.12.24

(रामसिंह राजावत)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी
बांदीकुई

उपखण्ड अधिकारी
बांदीकुई